# पटवारियों ने राजस्व कार्यों का बहिष्कार कर किया प्रदर्शन

**कपासन/बांसवाड़ा, (निसं)।** कपासन में पटवार संघ की ओर से मांग पत्र पर सहमति लागू करवाने और गिरदावरी ऐप में संशोधन की मांग को लेकर गुरुवार को तीसरे दिन भी कलम डाउन हड़ताल जारी रही। पटवारी सभी राजस्व कार्यों का बहिष्कार कर तहसील में धरना देकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

पटवार संघ के स्थानीय ब्लॉक अध्यक्ष विकास गौड़ ने बताया कि अतिरिक्त भू प्रबंध आयुक्त, राजस्थान

■ **गिरदावरी एप में संशोधन की मांग, लोगों के राजस्व काम अटके**

के साथ हुई मांगों पर सहमति के बावजूद इसे लागू नहीं किया गया, जिससे संघ में रोष व्याप्त है। संघ की ओर से पूर्व में हुए समझौतों को लागू करने और गिरदावरी ऐप में आवश्यक संशोधन करवाने की मांग को लेकर प्रदेशव्यापी पेन डाउन हड़ताल जारी है।

हड़ताल के तहत, स्थानीय तहसील कार्यालय पर गुरुवार को तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन हुआ, और कलम डाउन कर पटवारियों ने सभी राजस्व कार्यों का बहिष्कार किया। संघ ने चेतावनी दी है कि मांगे पूरी न होने पर प्रदर्शन इसी तरह जारी रहेगा।

साथ हुई मांगों पर सहमति के बावजूद इसे लागू नहीं किया गया, जिससे संघ में रोष व्याप्त है। संघ की ओर से पूर्व में हुए समझौतों को लागू करने और गिरदावरी ऐप में आवश्यक संशोधन करवाने की मांग को लेकर प्रदेशव्यापी पेन डाउन हड़ताल जारी है।हड़ताल के तहत, स्थानीय तहसील कार्यालय पर गुरुवार को तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन हुआ, और कलम डाउन कर पटवारियों ने सभी राजस्व कार्यों का बहिष्कार किया। संघ ने चेतावनी दी है कि मांगे पूरी न होने पर प्रदर्शन इसी तरह जारी रहेगा। इस संबंध में राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव के नाम तहसीलदार जगदीश बामनिया को ज्ञापन भी सौंपा गया। इस दौरान धरने में पटवार संघ अध्यक्ष विकास गौड़, पटवारी भागीरथ मेघवाल, अमित काबरा, निधि जैन, अमित चौधरी, पंकज कुमार भर्रा, अभिषेक बराला, नरेश चौधरी, सोनू वर्मा, जयसिंह गौड़, सुमन कुमार, कृष्णपाल, कविता शर्मा, लीला जाट, स्वीटी भटनागर, और भरत कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**बांसवाड़ा संवाददाता के अनुसार :** राजस्थान पटवार संघ ने गिरदावरी कार्य में संशोधन की पांच सूत्री मांगों को लेकर गिरदावरी कार्यो का बहिष्कार करते हुए पेन डाउन हडताल की। इन लोगों ने बताया कि फसल खरीफ 2०81 की गिरदावरी राज खसरा गिरधारी एप से ऑनलाइन की जानी है इसमें संशोधन के लिए भू-प्रबंधन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। बैठक में पांच संशोधन करने पर सहमति हुई थी जिसमें लोकेशन बफर 5० के स्थान पर 35० मीटर करने, लोकेशन का ऑप्शन पटवारी स्तर पर करने, सत्यापन के समय लोकेशन की बाध्यता हटाने, गिरदावरी करते समय सुरक्षा की दृष्टि से महिला पटवारी के लिए विभाग से निर्देश जारी करने जैसी मांगे शामिल थी। 22 अगस्त को इस संबंध में सहमति के 25 दिन बीत गए लेकिन संशोधन नहीं हुआ।

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है और एप पूरी तरह से काम नहीं कर रहा है अतरू समय पर कार्य के संपादन के लिए उपयुक्त संशोधन और विलंब किया जाए। इन मांगो को लेकर राज्य के सभी तहसील एवं उपखण्ड कार्यालयों पर गिरदावरी कार्यों का बहिष्कार करते हुए पेन डाउन हडताल की जा रही है।



**पटवार संघ की ओर से मांग पत्र पर सहमति लागू करवाने और गिरदावरी ऐप में संशोधन की मांग को लेकर कलम डाउन हड़ताल तहसील परिसर में जारी रही।**

## सार-समाचार

### देर रात तक डांडिया नृत्यों की धूम रही

**डूंगरपुर, (निसं)।** जैन समाज के पर्युषण पर्व के समाप्ति के पश्चात तीन दिवसीय रथोत्सव गुरुवार रात से प्रारंभ हुए रत्थोत्सव के तहत गेपसागर की पाल पर देर रात्रि तक गैर व भुलमणी पर युवक व युवतियों की टोलियां भगवान की स्तुति में नाचते रहे। वही शुक्रवार को दिनभर विभिन्न समाजों के श्रद्धालुओं ने पुष्प मालाएं चढ़ाई। इस दौरान आज मेले सा माहौल रहा। तथा लोगों ने जम कर खरीददारी की।गुरुवार रात्रि को घाटी स्थित मामा-भानजा मंदिर से रथ फौज का बडलाए माणक चौक होते हुए घुमटा बाजार पहुंचा जहां से कोटडिय़ा जैन मंदिर का रथ शामिल होकर दोनों रथ सोनिया चौक, कंसारा चौक, विजय चौक होते हुए गेपसागर की पाल पर लाया गया। जहां रथों का रात्रि विश्राम गेपसागर की पाल ही रहा। इसके पश्चात शुक्रवार को दिनभर दर्शनार्थी का मेला लगा रहा वहीए शाम को डांडिया नृत्य के पश्चात रात्रि 12 बजे दोनो रथ वापस शहर की ओर प्रस्थान कर गये। जिसमे कोटडिय़ा मंदिर का रथ तो भण्डार कर दिया गया। जबकि मामा-भानजा मंदिर का रथ दो घण्टे माणक चौक में रहा जहां पर श्रद्वालु डांडिया नृत्य का जम कर लुप्त उठाया। इसके पश्चात रथ को माणक चौक से फौज का बड़ला होते हुए घाटी स्थित मामा-भानजा मंदिर ले जाकर भण्डार कर दिया गया। वही, दूसरी ओर फौज का बड़ला उण्डा मंदिर से रथ निकाला गया जो गेपसागर की पाल पर लाया जायेगा जहां रात्रि विश्राम करेगा। तथा मध्यरात्रि को डांडिया खेला गया।

### खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन

**देवगढ़, (निसं)।** देवगढ़ उपखंड के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हाथी नाडा में नवम संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि रणजीत सिंह नंदावट, देवगढ्र नगर पालिका के चेयरमैन शोभा लाल रेगर ,मुख्य खंड शिक्षा अधिकारी मुकुट बिहारी शर्मा, वाइस चेयरमैन प्रदीप सिंह चौहान, राजसमंद भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष भंवरलाल शर्मा, नगर पालिका के पूर्व नगर अध्यक्ष ,अमर सिंह, केंद्राध्यक्ष रामेश्वर लाल, एवं जनरल रेफरी शारीरिक शिक्षक चैन सिंह चौहान के सानिध्य में संपन्न हुए। संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कल 20 टीमों ने भाग लिया उद्घाटन मैच राजकीय प्राथमिक विद्यालय छोटी स्वादड़ी और राजकीय प्राथमिक विद्यालय कामलीघाट के बीच हुआ जिसमें राजकीय प्राथमिक विद्यालय स्वादड़ी विजय रही। उद्घाटन के इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्राध्यक्ष की मांग पर एक बास्केटबॉल कोर्ट और शौचालय मूत्रालय बनाने की घोषणा की गई।

### विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**देवगढ़, (निसं)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय राजसमंद के न्यायाधीश राघवेंद्र काछवाल और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संतोष अग्रवाल के निर्देशानुसार पैरालीगल वॉलिंटियर्स गमनसिंह सिसोदिया द्वारा गांव स्वादडी छोटी, सीमार, खेड़ी,मे विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जल संरक्षण वन संरक्षण, बाल विवाह रोकथाम, बाल श्रम रोकथाम आदि विधिक जानकारी प्रदान की गई और लोगों को सरकारी योजना व निशुल्क कानून सहायता की जानकारी दी गई जिसमे 120 लाभार्थियों की संख्या रही।

## शोभायात्रा निकली

**भीण्डर, (निसं)।**जैन समाज के पर्युषण पर्व समाप्ति के अवसर पर गुरूवार को दिगम्बर जैन समाज व नागदा समाज की अलग-अलग शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। दशा नरसिंह पुरा दिगम्बर जैन समाज द्वारा आदिनाथ मन्दिर एवं नागदा समाज की शांतिनाथ मन्दिर से शोभायात्रा रवाना हुई।

# कारागृह का किया निरीक्षण

**बांसवाड़ा, (निसं)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश कौशल सिंह ने जिला कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कारागृह में बंदियों को उपलब्ध करवाई जा रही भोजन, चिकित्सा एवं साफ-सफाई की व्यवस्थाएं संतोष जनक पाई गई। निरीक्षण के दौरान जिला कारागृह में कारागृह प्रशासन द्वारा 319 बंदी उपस्थित होना जाहिर किया गया जिनमें 309 विचाराधीन व 10 सजायाफ्ता बंदी है। प्राधिकरण सचिव ने बंदियो को लीगल एड डिफेंस काउंसिल की ओर से प्रदत सेवाओं के संबंध में जागरूक किया एवं प्रदत्त सेवाओं का अधिकाधिक उपयोग करने के लिये भी प्रेरित किया।

# हैंडबॉल प्रतियोगिता में दिखाया दमखम



**प्रतियोगिता में जोश और दमखम के साथ प्रदर्शन करते खिलाड़ी।**

**डूंगरपुर, (निसं)।** राउप्रावि नंबर 14,शिवाजी नगर की मेजबानी में यहां आयोज्य प्रारंभिक शिक्षा विभाग के 14 वर्षीय छात्र-छात्राओं की 68 वीं राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन खिलाडियों ने पूरे जोश और दमखम के साथ प्रदर्शन किया। वहीं दर्शकों ने भी भरपूर आनंद लिया।

मुख्य निर्णायक शिवलाल डामोर व जिला खेल प्रकोष्ठ प्रभारी रमेशचंद्र रोत ने बताया कि गुरुवार को शहर के ऐतिहासिक लक्ष्मण मैदान में छात्र वर्ग में 56 और रिजर्व पुलिस लाइन्स मैदान में छात्रा वर्ग के 52 लीग मैच हुए। लीग मैच में विजेता रही टीमें अगले दौर में मैच खेलेंगी। मुख्य समन्वयक खेल विनोद जोशी, देवीलाल पाटीदार और सुमेरसिंह गीरवा ने बताया कि लक्ष्मण मैदान में हुई हैंडबाल प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में बाडमेर ने सीकर, बारां ने धौलपुर, बीकानेर ने शाहपुरा, जयपुर ग्रामीण ने बूंदी, सिरोही ने धौलपुर, गंगानगर ने बाडमेर, बांसवाडा ने डीग, भीलवाडा ने झुंझुनू, अलवर ने दौसा,अजमेर ने झालावाड, जोधपुर ने नागौर,जयपुर ने सवाई माधोपुर, सांचौर ने भरतपुर, सलूंबर ने फलोदी चूरू ने टोंक, राजसमंद ने डीडवाना, बीकानेर ने बालोतरा, कोटपूतली ने सांचौर, डीडवाना ने सलूंबर, टोंक ने डूंगरपुर और बीकानेर ने सांचौर को हराया। वहीं रिजर्व पुलिस लाइन्स मैदान पर हुई हैंडबाल प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग में हनुमानगढ ने जैसलमेर, उदयपुर ने जयपुर ग्रामीण, जयपुर ने बारां, सांचौर ने फलोदी, डूंगरपुर ने सलूंबर, चित्तौडगढ ने गंगानगर, झुंझुनू ने जजा खेल छात्रावास पुनाली, ब्यावर ने अलवर, नागौर ने दूदू, बांसवाडा ने सिरोही, कोटपूतली ने बूंदी, बाडमेर ने नागौर, बांसवाडा ने नागौर और अलवर ने जोधपुर को हराया।

# पेन्टिंग प्रतियोगिता में जितेन्द्र नाई व काकुन तंवर प्रथम

**बांसवाड़ा, (निसं)।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल की ओर से राउमावि सुरपुर में ओजोन परत संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पेटिंग तथा क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया।

आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय अधिकारी रवि चंदेल ने कहा कि ओजोन परत में छिद्र का बढना चिन्ता का विषय है हमें हमारी जीवन शैली में सुधार लाना होगा तभी हम पर्यावरण का संरक्षण कर पाएगें। अध्यक्षता करते हुए कार्यवाहक संस्था प्रधान निमिषा दोसी ने कहा कि हमें अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण की रक्षा करनी होगी। मुख्य वक्ता वागड पर्यावरण संस्थान के अध्यक्ष डॉ. दीपक द्विवेदी ने कहा कि प्रकृति से जितना लो उससे दुगुना लौटाना होगा यही भारतीय संस्कृति है। कार्यक्रम में प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के वरिष्ठ पर्यावरण अभियन्ता शिव दयाल धाकड, हर्ष रोत, चिराग शर्मा, वरिष्ठ सहायक रामसिंह चौहान ने भी अपने विचार व्यक्त किए। क्विज प्रतियोगिता में प्राची तंवर प्रथम, राहुल मईडा द्वितीय, राजवीर सिंह तंवर व सुशीला डिण्डोर तृतीय रहे। पेन्टिंग प्रतियोगिता में जितेन्द्र नाई व काकुन तंवर प्रथम, शिल्पा पटेल व दीपिका यादव द्वितीय एवं चांदनी भाटिया व वर्षा रेबारी तृतीय रहे। प्रतियोगिता में इन्दु शाक्य, संजय श्रीमाल, रचना दीक्षित, भूमिका जोशी, रामचन्द्र मईडा ने निर्णायक की भूमिका निभायी। आभार ऊषा अहारी ने माना। इधर राउमावि कूपडा में भी पेन्टिंग तथा क्विज प्रतियोगिता क्षेत्रीय अधिकारी रवि चंदेल की अध्यक्षता में हुई। प्रधानचार्य विजय कृष्ण वैष्णव में बताया कि इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य भावना जैन, अमित सोनी, भरत राजर्षि, भारतेन्दु पण्ड्या ने अपने विचार व्यक्त किए। पेन्टिंग प्रतियोगिता में मानसी जोशी प्रथम, प्रित कोटपरा व जुली चन्द्रवशी द्वितीय एवं अरविन्द रेबारी व मुस्कान सिंह तृतीय रहे। क्विज प्रतियोगिता में साबलाल दामा प्रथम, सुमन निनामा, पूजा निनामा, विश्वास डोडियार, वसुन्धरा मईडा, जय मईडा, अंकित डिण्डोर व शैलेन्द्र डिण्डोर को क्रमशः द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरूस्कार प्रदान किये गये।



**ओजोन परत संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पेटिंग तथा क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के प्रतिनिधि।**

## सार-समाचार

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** ओबरी थाना क्षेत्र के ओबरी फला नाडा गांव में एक महिला ने अपने पीहर में विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पीहर पक्ष ने मृतका के पति पर रुपयों की मांग करते हुए उसे प्रताडित करने और आत्महत्या के लिए विवश करने के आरोप लगाए है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। ओबरी थानाधिकारी मीना ने बताया की ओबरी फला नाडा निवासी नाथू डिन्डोर ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया की उसने अपनी बेटी माया की शादी 6 साल पहले मेवडा निवासी महिपाल पारगी से करवाई थी। उसके 2 बच्चे हैं। महिपाल आए दिन उसकी बेटी माया से मारपीट करता था और रुपयों के लिए परेशान करता था। जिसके चलते वह अपने बच्चो के साथ पीहर में रह रही थी। महिपाल ने फोन कर उसे आत्महत्या करने के लिए उकसाया। जिसके चलते माया ने जहरीली चीज का सेवन कर लिया। तबीयत बिगडने पर उसे ओबरी अस्पताल ले गए। वहां से रेफर करने पर डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। गुरुवार को इलाज के दौरान माया की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंची और शव को मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहींए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। माया की मौत के बाद उसके दो बच्चो के सिर से मां का साया उठ गया है।

### पौधारोपण किया

**कपासन, (निसं)।** नगर पालिका की ओर से शुरू किए गए स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण शुरू किया। अभियान के अंतर्गत बुधवार को नगर पालिका परिषद में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधे लगाए गए।इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष ऐजाज, पार्षद गोपाल पुरबिया,अकील शाह, मनीष बारेगामा, कार्यक्रम प्रभारी वरिष्ठ सहायक गोपाल सुथार,और आईआरजीवाई ओर नगर पालिका स्टाफ आदि मोजूद रहे। इससे पूर्व मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान2024 की शुरुआत मंगलवार को नगरपालिका में की गई। जिसमें मोजूद सभी लोगो, नपा अधिकारियों ,स्टाफ और सफाई कार्मिकों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गयी। नगर पालिका की स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी कोदली ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी भानु प्रताप सिंह की उपस्थिति में जमादार मुकेश कोदली ने शपथ दिलाई। अभियान नगर पालिका क्षेत्र मे 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी, युवा मोर्चा के प्रतीक वैष्णव, गौरव दाधीच, सहित नपा स्टाफ पर सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

### राज्यपाल लेंगे अधिकारियों की बैठक

**बांसवाड़ा, (निसं)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडें की 2० सितम्बर को जिले की प्रस्तावित यात्रा के तहत विभिन्न कार्यत्रम के आयोजन एवं राज्यपाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक को लेकर जिला कलक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिये। जिला कलक्टर डॉ. यादव ने केन्द्र प्रायोजित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति संबंधी जानकारी ली लेते हुए निर्देशित किया कि बैठक में उच्चाधिकारी भाग ले और विभागीय नोट तैयार कर बैठक में मौजूद रहे। अतिरिक्त जिला कलक्टर अभिषेक गोयल ने बताया कि शुक्रवार को राज्यपाल की अध्यक्षता में प्रातः साढें नौ बजे गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के कॉन्फ्रेन्स हॉल में बैठक आयोजित की जाएगी अतः सभी जिला स्तरीय प्रातः नौ बजे हॉल में मौजूद रहें। बैठक में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त गौरव बाजेड सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### खाली प्लॉट पर मिली गंदगी

**डूंगरपुर, (निसं)।** नगर परिषद सभापति अमृत कलासुआ और आयुक्त लोकेश पाटीदार के निर्देश पर खाली पडे भूखंडों पर गंदगी फेलाने वालो पर कार्यवाही की। गुरुवार को टीम परिषद के सफाई निरीक्षक रामसिंह राजावत के नेतृत्व में शहर में खाली पडे भूखंड पर गंदगी फेलाने पर कार्यवाही करते हुए भूखंड मालिक से 3 हजार का जुर्माना वसूला और भविष्य में शहरी स्वच्छता में योगदान हेतु पाबंद किया। सभापति ने कहा कि शहरी स्वच्छता में सभी का सहयोग अपेक्षित हैए जिस तरह से हम अपने घरों एवं आंगन को स्वच्छ रखते है उसी तरह ये शहर भी हम सभी के घर जैसा ही है इसलिए शहरी स्वच्छता में सभी योगदान देवे और स्वच्छता हेतु आमजन को प्रेरित करे। सभापति ने सभी खाली पडे भूखंड मालिक से अपील करते हुए कहा कि वह अपने खाली पडे भूखंड सफाई करावे अन्यथा परिषद द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी।

### खाद्य पदार्थों के सैंपल लिये

**बांसवाड़ा, (निसं)।** चिकित्सा विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम ने दो दिन श्री अन्नपूर्णा रसाइयों से खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचएल ताबियार के निर्देश के बाद 7 रसोइयों से सैंपल लेकर जांच के लिए लेब में भेजे है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी उम्मेदमल टेलर ने बताया कि पिछले दो दिनों में शहर के आसपास संचालित सात अन्नपूर्णा रसाइयों से आटा, तेल, बेसन, मिर्ची पाउडर, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, दाले, जीरा के 21 नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाए गए। साथ ही प्रतिष्ठानों के निरीक्षण में पाई गई कमियों को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।

### कराटे में जीता कांस्य पदक

**डूंगरपुर, (निसं)।** स्थानीय विद्यालय गुरुकुल सेन्ट्रल एकेडमी बोरी, डूंगरपुर की छात्रा विधी मीणा ने 68 वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। संस्था प्रधान संध्या पण्ड्या ने बताया कि जेवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उद्योग नगर, झोटवाडा, जयपुर में माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 68 वीं राज्य स्तरीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय 17/19 वर्ष आयु वर्ग छात्र-छात्रा कराटे प्रतियोगिता 2024 में विद्यालय की छात्रा विधी मीणा ने 19 वर्ष आयु वर्ग में 40 किलो भार वर्ग में कराटे कोच विपिनसिंह के मार्गदर्शन में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया।

# संगत और पंगत सनातन की पहचान है : महन्त रामस्वरुप

**बांसवाड़ा, (निसं)।** श्रीमद् भागवत समिति तथा श्री गणेश भक्त मण्डल के तत्वावधान में श्री सिद्धि विनायक गणपति मंदिर में सनातन जागरण धर्म समारोह में सांस्कृतिक विरासत को बचाने का आव्हान किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू परिषद् के राष्ट्रीय सह मंत्री महन्त रामस्वरूप महाराज ने कहा कि सनातन

■ **सनातन जागरण धर्म समारोह में सांस्कृतिक विरासत को बचाने का किया आव्हान**

संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृति है इस विरासत को अक्षुण्य रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने आ ान करते हुए कहा कि संगत और पंगत सनातन की पहचान है हमेशा अच्छी संगत में रहो सब मिलकर संगत करो। भोजन में पंगत में रहना संगठन की मजबूती की निशानी है। बडा रामद्वारा के संत रामप्रकाश महाराज ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति में सनातन की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि विश्व में तेजी से बदल रहे घटनात्रम में एकजुट होकर सावचेत रहना होगा। अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सेवा प्रकोष्ठ के प्रान्तीय अध्यक्ष शिव लहरी ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री भवानी जोशी, विश्व हिन्दू परिषद् के प्रदेश महामंत्री सुरेश उपाध्याय, परिषद् के चितौड प्रान्त अध्यक्ष महेश उपाध्याय, भारत माता मंदिर के कोषाध्यक्ष मुकेश सराफ, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जयन्त द्विवेदी रहे।

इस अवसर पर दस दिवसीय गणेश महोत्सव के मुख्य यजमान सुरेश पंड्या व जया नागर, मंदिर की गतिविधियों में सहयोग के लिए बीना पंचाल, यश सराफ, रौनक पुरोहित, परेश सागवाडिया का अभिनन्दन किया गया। भामाशाहों का अभिनन्दन श्रीमद् भागवत समिति के लीगल एडवाइजर अधिवक्ता मनोज सिंह चौहान, कृष्णकांत उपाध्याय, यशपाल गुप्ता, संरक्षक मण्डल के सदस्य रवीन्द्रलाल मेहता, सुरेश गुप्ता, ईश्वरदास वैष्णव, नीरज मेहता आदि ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ. दिनेश भट्ट, कान्तिलाल पटेल, आरके अय्यर, पार्षद मुकेश जोशी, युगल उपाध्याय व सुरेश कलाल, मातेश्वरी ग्रुप के गजेन्द्र यादव, साहित्यकार बृजमोहन तूफान, सिंधी पंचायत के अध्यक्ष अनिल मेठानी, झुलेलाल समिति के संरक्षक हरेश लखानी, उपभोक्ता परिषद् के पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र सराफ, त्रम्बकेश्वर महादेव समिति के अध्यक्ष त्रिभुवन जोशी आदि मौजूद रहे। संचालन गणेश भक्त मण्डल के अध्यक्ष डॉ. दीपक द्विवेदी ने किया जबकि आभार सचिव देवेन्द्र शाह ने माना।



**श्री सिद्धि विनायक गणपति मंदिर में सनातन जागरण धर्म समारोह आयोजित हुआ।**

## गौवंश को चारा खिलाया

**राजसमंद,(निसं)।** सांसद महिमा कुमारी मेवाड ने गुरुवार को लगातार पांचवें दिन संसदीय क्षेत्र में व्यतीत करते हुए आमजन से मुलाकात की। राजसमंद संसदीय क्षेत्र की विधानसभा जैतारण का दौरा करते हुए लांबिया के समीप बालूंदा में चल रहे सडक निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। सांसद ने कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए सडक निर्माण के संबंध में आ रही शिकायतों पर संबंधित ठेका कंपनी के अधिकारियों से बात कर कार्य की गुणवत्ता बरकरार रखने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पार्टी द्वारा मनाए जा रहे सेवा पखवाडा के तहत जनता गौशाला समिति बर में गौवंश को चारा खिलाया तथा पौधरोपण किया। इस दौरान गौवत्स के प्रति स्नेह समर्पित करते हुए सांसद ने कहा कि गौ सेवा बहुत ही पुण्य का कार्य है हम सभी को गौ सेवा का संकल्प लेना चाहिए।

जैतारण विधानसभा प्रवास के दौरान गढ गिरवर होटल में कालिका माता के दर्शन कर आशीर्वाद लेते हुए क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। यहां कार्यकर्ताओं और आमजन की समस्याओं पर जनसुनवाई करते हुए निदान के लिए जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से बात कर निस्तारण की कार्यवाही की। इस दौरान प्रदेश पदाधिकारी सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और गणमान्य उपस्थित थे।

# रैली निकाली, सौंपा ज्ञापन

**डूंगरपुर, (निसं)।** जंगल जमीन जन आंदोलन, डूंगरपुर, राजस्थान असंगठित मजदूर युनियन, एकलव्य भील मजदूर संगठन डूंगरपुर के बेनर तले क्षेत्र के जमीन एवं मजदूरी संबंधी मुद्दों को लेकर बादल महल से जिला मुख्यालय तक रैली निकाली गई।

रैली के साथ आम सभा मे विभिन्न समस्या एवं मांगों पर चर्चा हुई । नाल फला के हरीराम जी ने ग्रामदानी किसानों की समस्या को रखा। जिले के 38 गाँव ग्रामदानी घोषित है, जिसमे भूमि का सारे रिकार्ड ग्रामसभा के अध्यक्ष के पास रहता है। किसानों को ऑनलाइन रिकॉर्ड और किसी भी योजना का फायदा नहीं मिल रहा है और विवादों की सुनवाई किसी भी प्रशासनिक या न्यायालय में नहीं हो पा रहा है। वीरमल ने कहां अध्यक्षों के चुनाव हर तीन साल मे होना है, पर 2005 के बाद हुआ नहीं। अध्यक्षों का कोई प्रशिक्षण, निगरानी नहीं। धमलात फला के मगन ने कहां की ऑनलाइन रिकार्ड सब देख सकते है, कोई शिकायत है तो तहसीलदार के पास जा सकते है, पर ग्रामदानी रिकार्ड के अंदर क्या चल रहा है, किसी को पता ही नहीं। सामाजिक कार्यकर्ता कमलाशंकर ने कहा अभी तक 6 गाँव के लोग ग्रामदानी से बाहर निकलने का घोषणा करके जिला कलेक्टर एवं ग्रामदानी बोर्ड को पत्र भेजा हैए इस पर आज तक कार्यवाही नही हुई । नोकना के भाईशंकर ने सभी को गाव गाव तक बात पहुँचाने

■ **ग्रामदानी गांव संघर्ष समिति ने जमीन और मजदूरी संबंधी मुद्दों को लेकर निकाली रैली**

की सभी महिला एवं पुरुषों को जोडने की बात कही। एकलव्य भील संगठन सागवाडा से वासुदेव कटारा ने कहा सिलिकोसिस पीडितों को सागवाडा क्षेत्र में जांच प्रक्रिया को लेकर कई समस्याओं का सामना करना पड रहा है। इस संदर्भ में स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद, समस्या का कोई उचित समाधान नहीं निकल पाया है। विशेष रूप से सिलिकोसिस पीडितों को पेंशन तुरंत शुरू की जाए, स्थानीय स्तर पर इलाज मिले,पीडितों श्रमिकों की विधवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध हो। राजस्थान असंगठित मजदूर युनियन की राज्य सचिव बालू अध्यक्ष कमला जी ने कहा कि श्रमिकों के लंबे संघर्ष के कारण 2005 में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम नरेगा लागू किया। पर आज तक लागू करने की व्यवस्था ठीक नहि है । 25 दिन अधिक काम की घोषणा 2 साल पहले हुई जो अभी तक लागू नही है । उर्मिला ने कहां जिले वन अधिकार पत्र मिलने वाली परिवार 5000 से ज्यादा है, जिनको 150 दिन काम का अधिकार है पर आज तक 1500 परिवारों का भी यह लाभ नही मिल पा रहा है। धुली बाई ने कहा आज तक आवेदन की रसीद मिलने में भी बहुत समस्या आती है। काम स्वीकृत नहीं बोलकर आवेदन भी नहि लिया जा रहा है। शरम से ज्योतिका ने कहा ऑनलाइन हजारी से मेटो का काम बहुत बढ गया पर, उनका मजदूरी मजदूरों से कम है ।

खापरडा के लालु भाई ने कहा शहर के पास के गाँव कुछ अलग तरह की जमीन की समस्याओ से झूझ रहे है। यहाँ भूमि दलाल बेहद सक्रिय हैं। धोखे से लोगों से उनकी जमीन छीनी जा रही है। मृतकों के नाम पर भूमि बिक्री की रजिस्ट्रेशन हो रही है। बहनों के नाम की भूमि भी किसी अन्य महिलाओं को खडा करके बेची जा रही है। सह ;जॉइन्टद्ध खातेदारों में यदि एक व्यक्ति जमीन बेचने जाता हैए तो रजिस्ट्रेशन दस्तावेज में हेराफेरी करके बाकी खातेदारों की जमीन भी धोखे से बेची जा रही है। लोगों को जमीन से बेदखल करने का काम भी ये दलाल जोर-शोर से कर रहे हैं। पटवारी, सरपंच, तहसीलदार तक बिना सही जांच नही कर रहे है। भंडारिया से कहां कि हमारे गाँव में भूमि दलाल जेसीबी से लोगों के घर गिरा रहे है, उनका सुनवाई नहीं हो रही है। मांडवा के हीरालाल ने कहा शहर के आस-पास के गाँवों में नगर परिषद का विस्तार एवं पेरिफेरी के हिसाब से भी बेदखली की तलवार हमेशा लटकी रहती है। इन गाँवों में सैकडों परिवार बीलानाम सिवाय चक और चारागाह भूमि पर बसे हैं और खेती कर रहे हैं।

